उत्तराखंड ने समय से पहले हासिल किया कोविड-19 वैक्सीनेशन लक्ष्य

drishtiias.com/hindi/printpdf/uttarakhand-achieved-covid-19-vaccination-target-ahead-of-time

चर्चा में क्यों?

हाल ही में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य सचिवालय में पत्रकारों को बताया कि प्रदेश ने 18 वर्ष की आयु से अधिक की योग्य आबादी को कोविड-19 के टीके की पहली खुराक देने का लक्ष्य समय से पहले हासिल कर लिया है।

प्रमुख बिंदु

- पत्रकारों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार आवश्यक मंज़ूरी मिलते ही 18 साल से कम उम्र के बच्चों का टीकाकरण शुरू कर देगी।
- धामी ने कहा कि उत्तराखंड में 16 जनवरी, 2021 को टीकाकरण शुरू हुआ था, जिसके तहत 18 साल से अधिक उम्र के कुल 77,29,466 लोगों को टीका लगाया जाना था।
- उन्होंने कहा कि सबसे पहले स्वास्थ्यकर्मियों का टीकाकरण किया गया और उनके बाद क्रमश: फ्रंटलाइन वर्कर्स, 60 से अधिक आयु वाली जनसंख्या, 45 वर्ष से 59 वर्ष के बीच की आयु वाली जनसंख्या और फिर सभी 18 वर्ष से अधिक की आयु वाली आबादी को टीके लगाए गए।
- धामी ने बताया कि 16 अक्तूबर तक राज्य के 99.6 फीसदी स्वास्थ्यकर्मियों, 9.2 फीसदी फ्रंटलाइन वर्कर्स और 18 से अधिक आबादी में से 96.1 फीसदी को वैक्सीन की पहली खुराक दी जा चुकी है।
- प्रदेश में गर्भवती महिलाओं, विरोधाभासी हितग्राहियों (गंभीर बीमारी, खून को पतला करने वाली दवाएँ लेने वाली) और टीकाकरण कराने में रुचि नहीं लेने वालों के अलावा सभी पात्र लोगों को पहली खुराक का टीका लगाया गया है।